-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 12.03.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना अतर्रा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति का खोया हुआ बैग 06 घंटे के भीतर बरामद कर उसके स्वामी को किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा व्यक्ति के खोए हुए बैग फोन को 06 घंटे के भीतर बरामद कर उसके स्वामी को सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि थाना अतर्रा क्षेत्र गर्गन पुरवा के रहने वाले विक्रम मिश्रा पुत्र शिव प्रसाद मिश्रा ने थाना अतर्रा पर सूचना दी कि दिनांक 11.03.2026 की रात्रि रेलवे स्टेशन से घर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में रिक्शे में उनकी पत्नी का बैग छूट गया, जिसमें मोबाइल फोन तथा कुछ नगदी रखी हुई थी। सूचना पर तत्काल अतर्रा पुलिस टीम सीसीटीवी कैमरे व तकनीकी साक्ष्यों आदि का प्रयोग करते हुए गुम हुए बैग को 06 घंटे के भीतर बरामद कर उसके स्वामी को सुपुर्द किया गया। खोए हुए बैग को वापस पाकर बैग के स्वामी ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

बरामदगी-

- 01 खोए हुए बैग
- 01 मोबाइल फोन

मोबाइल बरामद करने वाली टीम:-

1. थानाधायक्ष अतर्रा श्री संजीव चौबे
2. उ0नि0 श्री सुरेन्द्र प्रताप
3. कां0 सुधीर कुमार
4. कां0 आकाश कुमार